*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

---

## हिंदी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय युवा सप्ताह का उदघाटन

# जनतंत्र को मजबूत करता है मतदाता –कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र

## शुक्रवार को निकलेगी मतदार जागरूकता अभियान रैली

वर्धा दि. 13 जनवरी 2016: भारत में जनतंत्र निरंतर मजबूत होता जा रहा है और इसकी केंद्रीय




भूमिका में मतदाता है। भारतीय जनता का ही महत्वपूर्ण प्रयास है जिससे हम जनतंत्र की कसौटी पर खरे उतरे हैं। मतदान में नोटा का विकल्प और चुनाव प्रक्रिया में हुए व्यापक बदलाव की वजह से भारत के राजनैतिक परिदृश्य में भी बदलाव आए हैं। उक्त आशय के विचार कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने व्यक्त किये। वे महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से 12 जनवरी से 15 जनवरी के दौरान आयोजित राष्ट्रीय युवा योजना सप्ताह के उदघाटन पर अध्यक्षीय वक्तव्य दे रहे थे। स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर इस सप्ताह के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान का प्रारंभ किया गया। हबीब तनवीर सभागार में बुधवार को सम्पन्न उदघाटन

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अनिल कुमार राय, रा.से.यो. के संयोजक राजेश लेहकपुरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुप्रिया पाठक, बी. एस. मिरगे मंचासीन थे।




प्रो. अनिल कुमार राय ने कहा कि मतदान का अधिकार हमें बराबरी का अधिकार प्रदान करता है। आज़ाद भारत के लिए मतदान का अधिकार एक तोहफे की तरह है इसका हमें सोच-समझकर प्रयोग करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक सहायक प्रोफेसर राजेश लेहकपुरे ने किया तथा आभार डॉ. सुप्रिया पाठक ने माना। रासेयो के स्वयंसेवक तथा विद्यार्थी इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

अभियान के तहत गुरुवार को पोस्टर निर्माण स्पर्धा आयोजित की गयी है। अभियान का समापन शुक्रवार को गांधी हिल से नज़ीर हाट तक मतदार जागरूकता रैली निकालकर किया जाएगा। कार्यक्रमों में विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक सहायक प्रोफेसर राजेश लेहकपुरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुप्रिया पाठक एवं बी. एस. मिरगे ने की है।